हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025



## बम्लेश्वरी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पांच सेक्टर में बांटे जवान, रेलवे स्टेशन के बाहर बना होल्डिंग एरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज से शुरू होने जा रही नवरात्र पर्व को लेकर जहां मंदिर समितियों ने अपनी तैयारी कर रखी है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा को लेकर अपने इंतजाम किए हैं। नवरात्र को लेकर जिलेभर में लगभग ग्यारह सौ जवानों की तैनाती की गई है। बम्लेश्वरी मंदिर की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए जवानों को पांच सेक्टर में बांटा गया है। इनमें ऊपर मंदिर से लेकर मेला, पार्किंग, पदयात्री के लिए अलग-अलग सेक्टर को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही पाताल भैरवी एवं शीतला मंदिर में भी बल की तैनाती की जाएगी।

वहीं ट्रेन से आने वाले यात्रियों के लिए भी अलग से व्यवस्था की जा रही है। मेला व मंदिर परिसर में क्षमता से अधिक भीड़ की स्थिति में दर्शनार्थियों को रेलवे स्टेशन में ही होल्डिंग एरिया में रोककर रखा जाएगा। टिकट काउंटर के बाहर कक्ष के अलावा स्टेशन परिसर में अस्थायी पंडाल लगाकर भी उसे होल्डिंग एरिया के रूप में तैयार किया जाएगा। वहां तीन से पांच हजार दर्शनार्थियों को ठहराए रखने की व्यवस्था रहेगी। मंदिर परिसर में जगह बनने के बाद ही वहां से उन्हें भेजा जाएगा। इसके लिए पुलिस ने रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर कार्ययोजना भी बना ली है। ज्ञात हो कि नवरात्र को लेकर रेलवे ने मेला के दौरान अस्थायी रूप से ठहरने वाली ट्रेनों की सूची जारी कर दी है। कुल 10 एक्सप्रेस व सुपर फास्ट ट्रेनें इस दौरान धर्मनगरी में रूकेंगी। इसे ध्यान में रखते हुए स्टेशन व परिसर में अतिरिक्त सुविधाएं जुटाई जाएगी।



### 500 मीटर पहले नो-वीकल जोन

ऊपर मंदिर तक पहुंचने के लिए मुरमुंदा, राका, चिचोला, बोरतलाव व अछोली समेत अन्य कई मार्गों से भीड़ पहुंचती है। एक रास्ता रेलवे स्टेशन से सीधे मंदिर की तरफ है। सभी मार्गों पर 500 से 700 मीटर का क्षेत्र नो-वीकल जोन रहेगा। यानी उसके अंदर किसी भी तरह के चार पहिया वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। इसके लिए चिन्हित रास्तों पर स्टापर के साथ बांस-बल्ली की बेरिकेडिंग भी कराई जाएगी, ताकि मेले के कारण अव्यवस्था न बन पाए।

### इस तरह व्यवस्था

पुलिस महकमे ने डोंगरगढ़ को लेकर पांच सेक्टर बनाए हैं, इनमें पहले सेक्टर में ऊपर मंदिर एवं वहां जाने वाला मार्ग है। यहां सर्वाधिक साढ़े चार सौ जवानों की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा दूसरा सेक्टर नीचे मंदिर एवं मेला स्थल है। तीसरा सेक्टर ट्रेफिक एवं पार्किंग व्यवस्था संभालेगा। चौथा सेक्टर अंजोरा से लेकर बम्लेश्वरी मार्ग तक पैदल यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखेगा। पांचवा सेक्टर के तहत डोंगरगढ़ पहुंचने वाले सभी मार्ग पर पेट्रोलिंग पार्टियों को तैनात किया गया है।

### पाताल भैरवी मंदिर में रहेंगे जवान

बम्लेश्वरी मंदिर के अलावा पाताल भैरवी मंदिर में भी पुलिस विभाग ने जवानों की तैनाती की है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां भी दर्शन करने आते हैं। ऐसे में यहां भी दिन-रात पुलिस जवान तैनात रखे जाएंगे। ज्ञात हो कि पाताल भैरवी मंदिर में लगभग दो हजार मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। यहां भी मंदिर समिति द्वारा विशेष लाईटिंग से मंदिर को सजाया गया है। यहां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले अधिकांश श्रद्धालु दर्शन के लिए रूकते रहे हैं।




## आठ दिन की नवरात्र की आज से शुरूआत, हाथी पर सवार होकर आएंगी मां

### इस बार नवरात्र पर बन रहा तीन सर्वार्थ सिद्धि और 4 रवि योग का दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिंदू धर्म के विशेष पर्व में शामिल चैत्र नवरात्र की आज से शुरूआत होने जा रही है। इस बार नवरात्र का पर्व आठ दिनों का होने वाला है। जिसकी शुरूआत आज 30 मार्च से आगामी छह अप्रैल तक रहेगी। इस बार मां हाथी पर सवार होकर धरती पर आने वाली है। यही कारण है कि इस नवरात्र पर तीन सर्वार्थ सिद्धि और चार रवि योग का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 29 मार्च को शाम 4 बजकर 27 मिनट से होगी और तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार चैत्र नवरात्र रविवार 30 मार्च से ही शुरू होने जा रही है। पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार घट स्थापना के लिए विशेष मुहूर्त 30 मार्च को सुबह 6 बजकर 13 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। जिसकी अवधि 4 घंटे 8 मिनट की रहेगी।



### दो को पंचमी व 5 को अष्टमी

नवरात्र पर्व की शुरूआत आज 30 मार्च से होने जा रही है। जिसकी समाप्ति छह अप्रैल को नवमी के साथ होगी। आठ दिनों की नवरात्र पर पंचमी का पर्व आगामी दो अप्रैल को मनाया जाएगा। वहीं अष्टमी हवन एवं पूजन पांच अप्रैल को की जाएगी। इस नवरात्र में द्वितीय एवं तृतीय दिवस एक ही दिन यानि कल 31 मार्च को है। जिसके चलते ही नवरात्र का पर्व 9 दिनों के बजाय आठ दिनों का होगा।

### पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

## पार्टनर बनाने के नाम पर पौने दो करोड़ की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यूके के माइनिंग कंपनी इंटोफोगास्टा में हिस्सेदार बनाने के नाम पर धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगांव क्षेत्र में जनवरी 2024 से सितंबर 2024 तक स्थानीय आरोपी प्रवीण बाम्बेश्वर द्वारा इंटोफोगास्टा ऐप के माध्यम से लोगों से अधिक लाभ का झांसा देकर रकम जमा करवाई गई थी ।

प्रार्थी पोखराम साहू 28 वर्ष निवासी मटिया डोंगरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रवीण कुमार बाम्बेश्वर द्वारा प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न स्थलों पर तथा सेमीनार के माध्यम से एक इंटोफोगास्टा कंपनी के बारे में जानकारी दी। जिसके प्रभाव में आकर आवेदकों द्वारा उनके द्वारा बताए मोबाइल एप के माध्यम से संबंधित कंपनी द्वारा दिए गए बार कोड में विभिन्न व्यवहारों में प्रार्थी का 1,31,000 रुपए, पुष्पेन्द्र साहू बडगांव चारभाठा 49,000 रुपए, द्विवांशु गंडावी मटिया 18200 रुपए एवं अन्य द्वारा राशि जमा किया गया है। जिसमें शुरूआत में कमीशन व फायदे के नाम से थोड़ी बहुत राशि जमा अनुपात 9 प्रतिशत आता था। जबकि अनावेदक द्वारा अधिक लाभ का झांसा दिया गया था। जिसके झांसे में आकार सभी ने उक्त मोटी रकम जमा की थी, लेकिन सितंबर 2024 कंपनी में रिफंड भेजना बंद कर रिफंड के लिए 6000-6000 रुपए टैक्स जमा करने के नाम से वाट्सअप के माध्यम से मांग की, नहीं देने पर आईडी ब्लॉक करने की धमकी दी गई है। आरोपी द्वारा एक वाट्सअप ग्रुप इंडिया इंटोफोगास्टा के नाम से संचालित कर लगभग लोगों को कंपनी से संबंधित जानकारियां दिया जाता था। आरोपी प्रवीण बाम्बेश्वर द्वारा एक दिन पूर्व ही शिकायत होने की स्थिति बनते देख संदेहास्पद रूप से व्हाट्सअप ग्रुप से प्रार्थियों के मोबाइल नंबर को अकस्मात रिमुव कर दिया गया। वहीं इनके सहयोगी वनिता तथा सेरेना मिचेल द्वारा भी कंपनी से संबंधित जानकारी प्रसारित की जाती थी। जिससे प्रार्थी उनके झांसे में आ गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी प्रवीण बाम्बेश्वर का पता तलाश कर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिलने पर आरोपी सिम और मोबाइल को नष्ट करना बताया, जो प्रकरण में आरोपी द्वारा साक्ष्य नष्ट करने के कारण धारा 238 बीएनएस जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है व अन्य की तलाश जारी है।



## खबर संक्षेप

### अवंती प्रतिमा का अनावरण

**गंडई-पंडरिया।** ग्राम पंचायत मरदकठेरा में 28 मार्च को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति का अनावरण विधायक यशोदा वर्मा ने किया। अनावरण के पूर्व मरदकठेरा और आसपास के गांवों के सामाजिक जनों ने शोभायात्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। विधायक यशोदा वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने वीरांगना रानी के बलिदान और अदम्य साहस को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, टीके चंदेल, राजू जंघेल, गोविंद जंघेल, डेरहालाल मसखरे, रामकुमार पटेल, गोकुल चंदेल, विजय वर्मा, श्रवण जंघेल, शत्रुहन, मन्नू चंदेल, प्रेम कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### साईना, कुंजन का हुआ चयन

**मेंढ़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर मेढ़ा की साईना परवीन पिता मोहम्मद साबीर अली और कुंजन चंद्रवंशी पिता रवि कुमार चंद्रवंशी का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए हुआ है। उन्हे इस सफलता पर समिति के अध्यक्ष रोहित देवांगन, व्यवस्थापक सचिव चंद्रकुमार देवांगन, प्रधानाचार्य रानी देवांगन, आचार्य आनंदी यादव, संजय साहू, सतदेव साहू, सुधा देवांगन, मानबाई देवांगन, वर्षा साहु, डिम्पल दुबे, कुसुम बोडेलकर एवं नंदनी सिन्हा ने बधाई दी है।





### नववर्ष पर बच्चों ने निकाली रैली

**मुसरा।** सरस्वती शिशु मन्दिर मुसरा से हिंदू नववर्ष रैली एवं राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान की झाँकी निकाला गया। इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगदास साहू ने हिंदू नववर्ष पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार पटेल ने हिंदू नववर्ष क्यों और कैसे मनाएं विषय पर चर्चा किया। इस मौके पर व्यस्थापक होमलाल वर्मा, सह सचिव दानेश्वर लिल्हारे,आचार्य भागवत पटेल, अखिलेश वैष्णव, भुखन वर्मा, कुशल वर्मा, मानिक पटेल, पारथ बंजारे, विद्या वैष्णव, संतोषी विश्वकर्मा, प्रतिभा पटेल, भानेश्वरी उइके, डोमेश्वरी पैकरा, केशरी साहू आदि मौजूद थे।




### मोहगांव में मनाया गया बलिदान दिवस

**सड़क अतरिया।** वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस ग्राम मोहगांव में लोधी समाज के तत्वावधान में मनाया गया। समाज की महिलाओं एवं अतिथियों ने भोजली के साथ वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर माल्यर्पण किया। अतिथियों का स्वागत डंडा नृत्य के साथ किया गया। इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा, नीलाम्बर वर्मा, श्रवण जंघेल, रामकुमार पटेल, डेरालाल मसखरे, मिनेश जंघेल, रामाधार वर्मा, कुंभलाल वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, माधो वर्मा, रोशन जंघेल, जंगलदास, काशीराम पोर्ते, कुम्भलाल मेरावी सहित अन्य उपस्थित थे।



### शहीदों की वीरता को किया नमन

**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशन में शहीद दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि 23 मार्च का दिन भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत को समर्पित है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल एक राजनीतिक संघर्ष नहीं था बल्कि यह लाखों क्रांतिकारियों के बलिदान, त्याग और साहस की अमर गाथा है। प्राध्यापक संजय देवांगन ने बताया कि अंग्रेजों ने फूट डालो और शासन करो नीति के तहत सुखदेव और राजगुरु को षड्यंत्र कर सरकारी गवाह बनाने की कोशिश की, पर अपनी इस योजना में अंग्रेज असफल रहे। संचालन सहायक प्राध्यापक रितेश बंजारे ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन मोनिका सिन्हा ने किया। इस मौके पर डॉ नवीनसिंह राजपूत, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, डॉ कमलेश चेलक, महेश साहू, पूजा देवांगन, मासूम वर्मा, नेमू साहू, हीरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।




### श्रद्धा से मनाया बलिदान दिवस

**डोंगरगढ़।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर कातलवाही में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिमा का अनावरण लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने किया। इस मौके पर श्री लोधी ने कहा रानी अवंती बाई लोधी केवल लोधी समाज की नहीं, बल्कि पूरे भारत की वीरांगना हैं। उनका बलिदान हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने और अधिकारों के लिए संगठित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने शिक्षा और संगठन से समाज को मजबूत करने पर जोर दिया। अंत में उन्होंने आयोजक समिति को इस सफल आयोजन के लिए मुकुंद वर्मा, हुम्मन वर्मा,गोविंद वर्मा, देवनाथ जंघेल एवं ग्रामवासियों को बधाई दी। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे जिला लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तम चंद चंदेल, सर्किल अध्यक्ष ओमकार लिल्हारे, युवा जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा, किशुन वर्मा, लखन वर्मा आदि ने संबोधित किया। संचालन कमलेश वर्मा ने किया। इस मौके पर किशुन वर्मा, मोती वर्मा, सीतेश वर्मा, एजेन दशरिया, विरेन्द्र चंदेल, झुलेन्द्र वर्मा, अंजलि पड़ोसी, दुर्गा वर्मा, विश्राम वर्मा, कमलेश वर्मा,प्रकाश, आनंदी, पाल्टू, विशंभर, नारायण, मानसिंह, रूपचंद, मदन, दौलत, उत्तम, अर्जुन, हरिश्चंद्र, चंद्रभान आदि उपस्थित थे।



## इस साल नवरात्रि पर्व 8 दिनों की

# शक्ति की भक्ति का पर्व आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

देवी आराधना का नवरात्रि पर्व इस साल 8 दिनों का होगा। जिला प्रशासन, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने कल 30 मार्च से शुरू होने वाले नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण कर लिया है। उपर मंदिर, नीचे छिरपानी में भीड़ को कंट्रोल करने बैरिकेट्स बनाए गए हैं। गर्मी को ध्यान में रखकर कूलर एवं पंखे की व्यवस्था की गई है। जगह-जगह पानी का प्रबंध किया गया है। उपर मंदिर सीढ़ी मार्ग को सुविधाजनक बनाया गया है। भीड़ बढ़ने की स्थिति में एक बार में 5 से 7 लोगो को ही आगे भेजा जाएगा। इस दौरान पुलिस कंट्रोल रूम संचालित होगा। प्राथमिक उपचार केन्द्र की सुविधा के साथ एम्बुलेंस की सुविधा भी 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर ट्रस्ट द्वारा संचालित रोपवे प्रातः 7 बजे से रात 12 बजे तक चालू रहेगा। सुरक्षा को देखते हुए रोजाना दोपहर को आधे घंटे मेंटनेंस के लिए रोपवे बंद रहेगा। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि दर्शनार्थियों को पर्याप्त सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

नवरात्र के दौरान 5 लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिकजेक बैरीकेटिंग का उपयोग होगा। सुरक्षा की दृश्टि से 1200 जवान तैनात किए गए हैं। असामाजिक तत्वों, जेबकतरों एवं उठाईगिरी पर पैनी नजर रहेगी। सभी प्रमुख मार्गो में पेट्रोलिंग गाड़ी 24 घंटे सेवाएं देगी।

**पटेवा।** ग्राम में कल 30 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र पर्व की सभी तैयारी पूरी कर लिया गया है। है देवालय एवं मंदिरों को रंग रोगन कर विद्युत लाइटों से सजाया गया है। ग्राम के शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया जाएगा। इसके अलावा दुर्गा मंदिर में भी ज्योति कलश स्थापित किया जाएगा।

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में कल रविवार से चैत्र नवरात्रि पर्व उत्साह से साथ मनाया जाएगा। सभी देवी मंदिर में आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लिया गया है। विधि विधान के साथ कल से आगामी आठ दिनों तक श्रद्धालुओं के मनोकामना ज्योति कलश जगमगाएगा। गांव के शीतला मंदिर एवं कुछ घरों में जोत जंवारा प्रज्जवलित किया जाएगा। अंचल के नर्मदा मंदिर, घिरघोली के सिद्ध बाबा मंदिर, पैलीमेटा के अन्नपूर्णा मंदिर, चोरडाधाम, बंजारी मंदिर सहित अन्य स्थानों में बड़ी संख्या में जोत प्रज्जवलित किया जाएगा।





### सड़कों का कायाकल्प

चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान गर्मी को ध्यान में प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए है। तुमड़ीबोड, बोरतलाव, खैरागढ़, चिचोला मार्ग की मरम्मत किया जा रहा है। पदयात्रियो के लिए बनाए गए अछोली मुसरा मार्ग की मरम्मत करने के साथ लोक निर्माण विभाग ने पदयात्री मार्ग की सफाई करने के साथ घास को छांटकर समतल किसर है। सड़क के गढडो को भी भरा गया है। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ केके सिंह ने बताया कि नवरात्रि तक सड़कों की मरम्मत, पदयात्री मार्ग को दुरूस्त कर दिया जाएगा। पदयात्री मार्ग के अलावा मुख्य सड़को में संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, बेरिकेट्स लगाये जा रहे है। रेलवे अंडरब्रिज मार्ग की सफाई एवं मरम्मत पूर्ण कर लिया गया है। पदयात्रियों के लिए रूकने, स्वल्पाहार एवं स्वास्थ्य को लेकर भी पंचायतों के माध्यम से तैयारी की गई है। पदयात्री मार्ग पर पीएचई ने बोरिंग से डायरेक्ट कनेक्शन लेकर पानी की व्यवस्था की गई है। पांच प्रमुख पंडालो में पानी की टंकी लगाई गई है। 0नगर पालिका ने सभी प्रमुख मार्गों में प्याऊ घर खोला है। पंडालो में कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। कुछ सामाजिक संस्थाओं ने चाय नास्ता एवं खाने की व्यवस्था की है।

### गायत्री मंदिर में संकल्प ज्योति स्थापना आज

**डोंगरगांव।** स्थानीय गायत्री मंदिर में संकल्प ज्योति कलश की स्थापना कल 30 मार्च को किया जाएगा। नवरात्रि पर्व पर मंदिर में साधना एवं अनुष्ठान की विशेष व्यवस्था की गई है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सानिध्य में इन दिनों गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा की अर्धांगनी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी पर अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस आयोजन की सफलता के लिए विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि पर्व के मौके पर गायत्री मंदिर में कल 30 मार्च को सुबह 7 बजे विशेष पूजन, अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। परिजन संकल्प ज्योति प्रज्जवलित करेंगे। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से हवन यज्ञ होगा। शाम 7 बजे आरती के बाद भजन संगीत, प्रज्ञागीत का आयोजन होगा। पूर्णाहूति 6 अप्रैल को होगी।





## सुरही नदी सूखी गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- जल स्तर घटने से कुओं और हैंडपंप भी देने लगे जवाब

क्षेत्र में तापमान बढ़ने के साथ ही जल संकट गहराने लगा है। धान की दोहरी फसल में बाली आने साथ किसान खेतों में पानी भरने में जुट गए हैं, जिससे जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। भुरभुसी से लेकर छीराहीडीह और उसके आगे सुरही नदी पूरी तरह सूख गई है। नदी के सूखने से सब्जी की खेती करने वाले किसानों की चिंता बढ़ गई है।

वहीं ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। छीराहीडीह के पूर्व सरपंच रंजीत सिंह चंदेल ने प्रशासन को गंभीर स्थिति से अवगत कराया है और नदी में पानी छोड़ने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि सुरही नदी के सूखने से ग्रामीणों को दैनिक कार्यों के लिए पानी नहीं मिल रहा है। पशु-पक्षियों के लिए भी पानी नहीं है।

इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सुरही जलाशय या कर्रानाला जलाशय से पानी छोड़ना आवश्यक है।

### समस्या के निराकरण की मांग

गौरतलब है कि सुरही जलाशय के सूखने से ग्रामीणों को पानी की समस्या होने लगी है। सुरही नदी के जल स्तर से ही गांव के बोर और कुओं में पानी रहता है लेकिन नदी के सूखने और धान की फसल के लिए खेतों में लगे बोर से पानी के दोहन से भूजल स्तर नीचे चला गया है, जिसके कारण पहले से कराए गए बोर और कुएं भी सूखने लगे हैं। ग्रामीणों ने जल्द ही इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# शराब दुकान का विरोध धरना देकर सौंपा ज्ञापन



- लोगों ने कहा शराब दुकान से बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के भिगेश यादव के आह्वान पर ग्राम पंचायत पैलीमेटा में प्रस्तावित नई शराब दुकान के विरोध में सांकेतिक धरना दिया गया। दोपहर लगभग 1 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में ग्रामीणों ने मौजूदगी कम रही।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पैलीमेटा में शराब दुकान खुलने से छात्र और युवा बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में अपराध बढ़ने की आशंका जताते हुए कहा कि पैलीमेटा में शराब दुकान न खोली जाए। अंत में नायब तहसीलदार इंद्राम चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान खोलने का विरोध किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि भाजपा जो पूर्व में शराब का विरोध कर रही थी, अब नई शराब दुकान खोल रही है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शराब दुकान खुलने से युवा नशा करने लगेंगे। धरना में जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, लाल रोहित सिंह पुलत्स्य, ब्लॉक अध्यक्ष भिगेश यादव, रंजीत चंदेल, बांकेलाल वर्मा, पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, शैलेंद्र दुबे, बालकदास डहरिया, त्रिलोक कर्नावट, योगेंद्रसिंह ठाकुर, जगन्नाथ वर्मा, प्रेम लाल साहू, नरसिंह साहू,धर्मेंद्र मंडावी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अफसरों के लिए एयर कंडीशन, जनता को तम्बू सुविधा

## गर्मी में तप रहे लोग, बारिश में भीगते हुए करते हैं बस का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जनसेवक होने का दंभ भरने वाले अफसरों और जन प्रतिनिधियों ने गर्मी से राहत पाने के लिए अपने लिए एयर कंडीशन का इंतजाम कर रखा हैं वही लोगों को गर्मी और बारिश से बचने के लिए शहर में तम्बू लगा रखा है।

नगर में नया बस स्टैंड बनने के बाद भी राजनांदगांव, छुरिया, अंबागढ़ चौकी, मोहला, मानपुर, जेवरतला आदि की ओर जाने वाली बसें पुराने बस स्टैंड में ही खड़ी होती हैं। लोग भी यहीं बस का इंतजार करते हैं और बस में सवार होते हैं। नगर प्रशासन ने घोर मजाक करते हुए लोगों को गर्मी और बारिश से बचाने के लिए पुराने हॉस्पिटल और रेस्ट हॉउस के समीप ऐसे तम्बुनुमा प्रतीक्षालय बना रखा हैं जहां लोगों को न गर्मी से राहत मिलती हैं और बारिश होने पर भीगने से बचा जा सकता है। कुछ साल पहले विधायक दलेश्वर साहू की पहल पर पुराने बस स्टैंड में सुविधा युक्त यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया था। करीब तीन साल पहले तत्कालीन अधिकारियों ने बिना सोचे समझे सड़क चौडीकरण के नाम पर यात्री प्रतीक्षालय को ध्वस्त कर दिया जबकि वह चौड़ीकरण के दायरे के बाहर था। दोनों प्रतीक्षालय को तोड़ने के बाद अब तक उसका पुनर्निर्माण नहीं कराया गया।

### अब तम्बू का इंतजाम



बारिश और गर्मी के दिनों में बसों का इंतजार करने वाले लोगों को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए नगर प्रशासन ने लोहे के पाइप लगाकर ऊपर ग्रीन कारपेट लगा दिया हैं। वही लोगों के बैठने के लिए कुछ ऐसी कुर्सियां रखा गया हैं जिसमे लोगों ठीक से बैठ भी नहीं पाते हैं। कथित प्रतीक्षालय में न तो गर्मी से राहत मिलती हैं और न बारिश होने पर भीगने से बचा जा सकता हैं। इस कथित प्रतीक्षालय में मवेशियों का जमावड़ा रहता हैं साथ ही लोग बाइक आदि की पार्किंग भी करते हैं। लोगों के परेशान होने के बाद भी जनप्रतिनिधि प्रतीक्षालय निर्माण में रूचि नहीं दिखा रहे हैं वहीं अधिकारी अपने चेंबर में एसी का मजा ले रहे हैं।

# पीएम की सभा में जाएंगे भाजपाई

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण मंडल भाजपा की बैठक शुक्रवार को आहूत किया गया। बैठक में प्रभारी चंद्रिका डड़सेना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, प्रतिमा खरे, रामकुंवर कामड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, लखन जंघेल, कचरू साहू, तेजलाल वर्मा, छबिल साहू, दिनेश वर्मा, दुर्गा नायडू, माणिक सेन, रवि यादव, जीवन वर्मा, धरमचंद, इतवारी आदि की उपस्थित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिलासपुर आगमन पर चर्चा किया गया। इसी प्रकार लाल बहादुर नगर मंडल की बैठक में जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेन्द्र साहू, पूर्व विधायक खेदूराम साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष छबिधर साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे, अनीता मंडावी, रामाधीन देवांगन, घनश्याम वैष्णव, हेमलाल वर्मा, नोबल साहू सहित अन्य शामिल हुए।



### पूर्व विधायक ने जताया शोक

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने केंद्रीय केबिनेट मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता डॉ देबेन्द्र प्रधान को उनके निज निवास भुनेश्वर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने धर्मेन्द्र प्रधान से भेंट कर शोक व्यक्त किया।



## शांति समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

# शांति से पर्व मनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया


हिन्दु नववर्ष और ईद पर्व को देखते हुए गंडई थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। जामा मस्जिद के अध्यक्ष जाबिद खान ने बताया कि ईद की नमाज सुबह 8.30 बजे ईदगाह और टिकरीपारा स्थित जामा मस्जिद में अदा की जाएगी। उन्होंने सभी से भाईचारे की भावना के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

बैठक के दौरान देर रात तक घूमने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने पर भी चर्चा हुई। थाना प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि पुलिस ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने नाबालिग बच्चों द्वारा तेज गति से वाहन चलाने पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से अपील किया कि वह अपने बच्चों को बिना हेलमेट बाइक चलाने या कार चलाने की अनुमति न दें। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने प्रेरित करें। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने नशा, जुआ, सट्टा और गांजा की बिक्री सहित अन्य अवैध गतिविधियों पर चिंता जताया। उन्होंने सभी पार्षदों से अवैध गतिविधियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया ताकि नगर अपराध मुक्त हो सके। पूर्व एल्डरमैन ओमप्रकाश अग्रवाल ने मुख्य चौक में वाहनों की बढ़ती आवाजाही से होने वाली परेशानियों का जिक्र करते हुए तिरंगा चौक पर पुलिस जवान तैनात करने की मांग की।

बैठक में थाना प्रभारी भीमसेन यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, ब्लॉक अध्यक्ष भिगेश यादव, जाबिद खान, हबीब खान, सतीश सिंघानिया, रणजीत सिंह चंदेल, अय्यूब कुरैशी, ओम प्रकाश अग्रवाल, बांकेलाल वर्मा, साकेत दुबे, पार्षद दिलीप ओगरे, सुमन पाटले, अशोक पटेल, अमन सोनी, राकेश निषाद, नारायण चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित थे।




online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411



॥ जल झूलेलाल ॥

# झूलेलाल जयंती जूं लख-लख वाधांयु.....

# चेट्रीचंड्र

## हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर्व की समस्त नगरवासियों को

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

तरुण लहरवानी
प्रदेश मंत्री,
छग चेम्बर्स ऑफ कामर्स

मारूती हॉलीडेस
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, आर्थिक प्रकोष्ठ
रूपचंद नितिन भीमनानी

कोषाध्यक्ष
पूज्य सिंधी पंचायत,
हेमू कालाणी नगर राजनांदगांव
विजय गंगवानी

संजय ब्रदर्स
यशराज इंटरप्राईजेश
राजकुमार डुलानी

मेयर ईन कॉन्सिल,
राजस्व विभाग
पार्षद, वार्ड नं.-23
राजा माखीजा

paapiपेट
कैफे एण्ड रेस्टोरेंट
वीआईपी रोड, राजनांदगांव
नितिन बत्रा

Kamal Opticals
CELEBRATING 40 YEARS OF VISIONARY EXCELLENCE
कमल गंगवानी

सागर ट्रेडर्स
अर्जुन वाधवानी

गुरूजी भुजिया
गटुला
राजनांदगांव
घनश्याम वाधवानी

वेलकम शूज
कमल ऑप्टिकल
मनोज गंगवानी
वरुण गंगवानी

Nirankari JEWELLERS
अमित पंजवानी

श्री दूध सागर स्वीट्स
कौशल शर्मा

सांस्कृतिक प्रभारी,
पूज्य सिंधी पंचायत
अध्यक्ष, संस्कारधानी मोबाईल एसोसिएशन, राजनांदगांव
अरुण डुलानी

दिनेश गारमेंट्स
अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैण्ड रोड, राजनांदगांव
भोजराज बजाज

विजय पोहा उद्योग
गोविंद सिंग वाधवानी

सोना इलेक्ट्रीकल
कुणाल आहूजा

श्री कृष्णा डेवलपर्स
दिपक पंजवानी
रोमिल पंजवानी

वीरजी फटाखा
राजनांदगांव

श्री सांई जी ऑटो एण्ड प्रोपर्टिज
प्रेम रुचंदानी

आनंद ट्रेडर्स
गंज लाईन,
राजनांदगांव
सुरेश वाधवानी

आकर्षण स्टोर्स
गोल बाजार,
राजनांदगांव
नंदलाल पंजवानी

नैतिक कैटर्स
इनडोर एण्ड ऑफ्टडोर कैटरिंग सर्विस
विनोद लुल्ला

सिंग कम्प्यूटर
नया बस स्टैण्ड कॉम्पलेक्स राजनांदगांव
डॉ.करतार सिंग कंजवानी

सी.पी.ट्रेडर्स
राजनांदगांव
सागर लालवानी

सूरज ट्रैक्टर एण्ड फाईनेंस
मनोहर तोतवानी

बजाज प्लास्टिक
संजीव बजाज

Kanwar
MANPARI
झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं।

श्री कृष्णा फुटवेयर
गुरूद्वारा रोड,
राजनांदगांव
ईश्वर खेमानी

पूर्व पार्षद
वार्ड नं. 23
दुर्गेश यादव
जया यादव

अशोक कुमार पंजुमल
किराना मर्चेंट
गोल बाजार राजनांदगांव
शक्ति वाधवानी

श्री लक्की वेजिटेबल कंपनी
सब्जी मंडी, बसंतपुर
लक्की रुपवानी

आस्था स्टील
मोहारा रोड
राजेश मोटवानी
मनोज मोटवानी

Regeneration
दिलीप ललवानी

Kanwar Palace
नरेश मोटलानी

शांति स्टोर्स
गांधी चौक,
शीतला मंदिर रोड,राज.
भरत माखीजा

नंदलाल बिल्डकॉन
जी.ई. रोड
राजनांदगांव
नरेश तलरेजा

ए.जी. मार्ट
हर सामान में डिस्कॉउट
जगदीश कटियारा

अधिवक्ता
राजनांदगांव
जयराज चौथवानी

राज रेडिमेंट
कपड़े के थोक विक्रेता
जी.ई.रोड, राज.
उद्धव नारायण

पवन गृह उद्योग
लक्की वाधवानी

राज भुजिया भण्डार
कंचनबाग, राजनांदगांव
नवीन निहलानी

राकेश लेखवानी

प्रिया मेडिकल स्टोर्स
बाजार चौक मुसरा
लालचंद रुचंदानी

जय अम्बे ऑटो डिल
पवन तोतवानी

गिरीराज इंडस्ट्रीज
बृजलाल वाधवानी

वाहेगुरूजी प्रॉपटीज
श्रीचंद मंगवानी

BC बजाज ट्रेड सेन्टर
मनोहर बजाज

शिव-शक्ति इंटरप्राईज
पुराना रेस्ट हाऊस, राजनांदगांव
SUWIN UPVC DOORS & WINDOWS

एस.एस. फायर वर्क्स
गटुला, राजनांदगांव
गोविंद सिहानी

हरिओम ऑटो
फाईनेंस एण्ड ई-व्हीकल
गुरूनानक चौक, राजनांदगांव
ब्रांच बालोद-खैरागढ़
अजय दिनेश ज्ञानचंदानी

अधिवक्ता एवं कर सलाहकार
रमेश मंगवानी

वर्षा नमकीन
नमकीन के विक्रता
राजनांदगांव,(छ.ग.)
योगेश पंजवानी

Shivay fashion
आकाश जगवानी

जयराम फुट प्रोडक्स
ग्राम बरगा,
राजनांदगांव
दिनेश माखीजा
रोहित माखीजा

लालमल जी दलाल
कन्हैया रुपवानी

Avi Flower
जय स्तंभ चौक, राजनांदगांव
अवि ललवानी

शक्ति ट्रेड हाउस
विजय गिडवानी

Pintoo Mobile's
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव
रोशन वीरवानी

DHARA DEVELOPERS
रवि ज्ञानचंदानी

गणेश ट्रेडिंग
ई-रिक्शा शोरूम
रामाधीन मार्ग, नंदईरोड
एवं धमधा रोड खैरागढ़
अमर लालवानी

## विनित- सिंधी समाज, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



## खबर संक्षेप

### डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने निर्देश



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विभाग को डिजिटल फसल सर्वेक्षण (रबी 2025) कार्य में तेजी लाने के निर्देश है। जानकारी के अनुसार डिजिटल फसल सर्वेक्षण (रबी 2025) के अंतर्गत जिले में कुल 3,01,812 प्लॉट का सर्वे किया जाना है, जिसमें से अब तक 1,18,569 प्लॉट का सर्वेक्षण किया जा चुका है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि इस कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूरा करें, ताकि फसल संबंधी डाटा का समय पर संकलन किया जा सके। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की। जिसमें यह पाया गया कि विभिन्न मामलों में कई प्रकरण समय सीमा के बाहर लंबित हैं। इनमें अविवादित खाता विभाजन के 17, विवादित खाता विभाजन के 12, अविवादित नामांतरण के 121, विवादित नामांतरण के 07, सीमांकन के 33, व्यपवर्तन के 22, त्रुटि सुधार के 267, वृक्ष कटाई के 03 और अतिक्रमण के 106 प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का नियमानुसार एक सप्ताह के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### पेयजल समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**कवर्धा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के सचिव अब्दुल कैसर हक़ के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम आगामी आदेश तक संचालित रहेगा, जिससे जिले में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता डीएस राजपूत ने बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के प्रभारी ओम प्रकाश साहू को बनाया गया है। नागरिकों की सुविधा हेतु टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, जिस पर पेयजल संबंधी किसी भी समस्या की सूचना दी जा सकती है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु उपरोक्त अधिकारियों या टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते है।

### राजस्व पखवाड़ा का आयोजन अप्रैल माह से

**कवर्धा।** कबीरधाम जिला राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि अप्रैल, मई और जून माह में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 7 अप्रैल से 21 अप्रैल, 13 मई से 27 मई और 16 जून से 30 जून तक ग्राम पंचायत व पटवारी हल्कों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में सभी पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं वरिष्ठ राजस्व अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे राजस्व पखवाड़ा के दौरान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं, ताकि उन्हें जरूरी राजस्व सेवाओं का लाभ शीघ्र मिल सके। विभाग के संबंधित अधिकारियों को राजस्व पखवाड़ा की तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं।

## कार्वाई: सिर पर कुर्सी रखवाकर शहर में निकाला हुड़दंगियों का जुलूस

# भोरमदेव महोत्सव में उत्पात मचाने वाले 15 और दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्रद्धा, आस्था और संस्कृति के प्रतीक भोरमदेव महोत्सव में भारी उत्पात मचाते हुए दर्शक दीर्घा में रखी कुसिर्यो में तोड़कर माहौल खराब करने और अशांति फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन की कार्यवाही लगातार जारी है। पहले दिन जहां इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था वहीं अब पांच नाबालिग सहित 15 उपद्रवियों का दबोचा गया है। इतना ही नहीं पुलिस ने गिरफ्त में आए इन आरोपियों को सबक सिखाने के लिए जहां इनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की है वहीं नगर में इन दसों आरोपियों के सिर में टूटी हुई कुर्सी रखवाकर जुलूस भी निकाला। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी की प्रस्तुति के दौरान भारी उत्पात मचाते हुए दर्शक दीर्घा में रखी कुर्सियों को तोड़ने और चोरी करने वालों पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही करते आरोपी शिवा जोगी पिता गंगू जोगी, उम्र 18 वर्ष, बेलदार पारा, वार्ड 27, कवर्धा, रोशन नेताम पिता समारू नेताम, उम्र 23 वर्ष, लोहारा नाका चौक, वार्ड 05, कवर्धा, ओम देवांगन पिता रवि देवांगन, उम्र 18 वर्ष, आदर्श नगर, वार्ड 04 कवर्धा, राजा सारथी पिता संतोष सारथी, उम्र 20 वर्ष, लोहारा नाका, नवीन बाजार कवर्धा, संदीप दास मानिकपुरी पिता स्व. विदेशी दास मानिकपुरी, उम्र 18 वर्ष, समनापुर कवर्धा, तोरण पटेल पिता प्यारेलाल पटेल, उम्र 28 वर्ष, बोल्दाकला, वार्ड 06, बोड़ला, भूपेन्द्र पटेल पिता श्यामलाल पटेल, उम्र 20 वर्ष, बोल्दाकला, वार्ड 06 बोड़ला, राकेश पटेल पिता रूपचंद पटेल, उम्र 18 वर्ष, बोल्दाकला, वार्ड 06, बोड़ला, रामसागर साहू पिता कुंवर सिंह, उम्र 23 वर्ष, ग्राम सिल्हाटी, चौकी पौड़ी, कुलेश्वर साहू पिता विश्वनाथ साहू, उम्र 18 वर्ष, नयापारा थाना पांडातराई सहित पांच नाबालिगों को गिरफ्तार किया है।





### अब तक 12 आरोपी भेजे गए जेल

पुलिस प्रशासन के मुताबिक इस मामले में अभी तक कुल 12 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। पहले दिन दो आरोपी जेल भेजे गए। पकड़े गए 5 उपद्रवी नाबालिग पाए गए। पुलिस ने उनके पालकों को थाने बुलाकर कड़ी फटकार लगाई। पालकों से माफीनामा लिखवाया गया कि भविष्य में उनके बच्चे ऐसी हरकत नहीं करेंगे तथा चेतावनी दी गई कि दोबारा पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। जांच में जुटे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस हर उपद्रवी को पहचान रही है और जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा। सोशल मीडिया और सीसी टीव्ही फुटेज से अपराधियों की पहचान कर ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस सख्त निगरानी रखेगी।

# 146 करोड़ की राशि से होगा भोरमदेव क्षेत्र का समुचित विकास: विजय शर्मा

- भोरमदेव की गरिमा को ठेस पहुंचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातत्व एवं जन आस्था के केन्द्र बाबा भोरमदेव मंदिर की महिमा आदि अनन्त काल से है उनकी कृपा हम सब पर बरस रही है। यहां जो भी श्रद्धालु, भक्त एवं पर्यटन सच्चे मन से कामना करते है, उन सभी की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। उक्त बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने भोरमदेव महोत्सव के समापन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होने कहा यह बेहद प्रशन्नता का विषय है कि हम यहां भोरमदेव महोत्सव के आयोजन में एकत्र हुए हैं। लेकिन कुछ लोग इस महोत्सव की गरिमा को धूमिल करने में लगे हुए हैं जो निंदनीय है। ऐसे लोगों को बख्सा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन इनकी पहचान कर इनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करेगी। उन्होने यह भी कहा कि ऐसे लोगों की कोई सिफारिश न करे। श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी आयोजन के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। पांच साल सब कुछ नहीं हुआ सब बंद था। हम इसे आगे और भव्य और बेहतर बनाना चाहते हैं। इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि बाबा भोरमदेव के आशीर्वाद से यह क्षेत्र तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। हमारे लगातार दिल्ली दौरा और भोरमदेव क्षेत्र के विकास का शानदार रोड़ मेप केन्द्र सरकार के समक्ष रखने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत 146 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जिससे इस क्षेत्र के ऐतिहासिक, धार्मिक और



सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित और संवर्धित किया जाएगा। इस योजना के तहत प्रदान की गई यह दूसरी सबसे बड़ी राशि है, जो भोरमदेव के लिए प्राप्त हुई है। इस योजना के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर, रामचुआ, मड़वा महल, छेरकी महल और सरोधा जैसे ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए जाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम एक ऐसा कारीडोर विकसित करें जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले। कन्हा से आने वाले पर्यटकों को रामचुआ में शानदार सुविधा मिले और वे यहां रूककर क्षेत्र का भ्रमण करें, भोरमदेव दर्शन करें। इसके साथ ही सरोधा का भी व्यापक विकास कर यहां जल क्रिडा पार्क बनाने की योजना है। उन्होने कहा कि इस कार्य से क्षेत्र का तो समुचित विकास होगा ही साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलने के कारण क्षेत्र के लोगों का आर्थिक विकास भी होगा।

# शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र आज से, प्रज्ज्वलित होंगे आस्था के दीप

## पर्व को लेकर भक्तों में उत्साह, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में चैत्र नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 30 मार्च से प्रारंभ होने वाले शक्ति की भक्ति के इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं द्वारा नगर सहित अंचल के शक्तिपीठों में सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए जा रहे हैं। जो चैत्र नवरात्र के पहले ही दिन से शुभ मुहुर्त में आदि शक्ति के चरणों में जगमगाने लगेंगे। उल्लेखनीय है कि धर्म नगरी कवर्धा को शक्तिपीठों का गढ़ कहा जाता है और यहां चैत्र व क्वांर नवरात्र का पर्व हर साल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया जाता है। धर्म और आस्था की इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर में स्थापित मां विंध्यवासनी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोषी मंदिर, मां काली मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की जोरदार तैयारियां की गई है। पर्व के पूर्व ही मंदिर समितियों द्वारा मंदिरों की रंगाई पुताई व साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर ज्योति कलश कक्षों की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन शक्ति पीठों में हर साल नवरात्र पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा हजारों की संख्या में मनो कामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं और आज से देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित कराये गए मनोकामना ज्योतिकलश जगमगाने लगेंगे। सार्वधिक मनोकामना ज्योतिकलश नगर के प्रमुख शक्तिपीठ मां विंध्यवासनी मंदिर में प्रज्जवलित कराए जाते हैं। जिसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा खास इंतजाम किए गए हैं। मंदिर में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए विशाल कक्ष तैयार किया गया है। इसके अलावा पर्व के मद्देनजर मंदिर की रंगाई-पुताई, साफ सफाई कर आकर्षक साज सज्जा की गई है। ऐसी ही तैयारियां नगर के दूसरे शक्तिपीठों में भी की गई है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि एक बार फिर नगर व अंचलवासियों ने शक्ति की भक्ति करने की पूरी तैयारियां कर ली है।

### स.लोहारा सहित अंचल में श्रद्धा भक्ति से मनाई जाएगी चैत्र नवरात्रि



**स लोहारा।** स. लोहारा नगर पंचायत सहित विकासखण्ड के 98 ग्राम पंचायतों में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारियों को धूमधाम एवं हर्षोल्लास व श्रद्धा भक्ति से मनाने जोरदार तैयारियां की जा रही है। 30 मार्च से शुरू होने वाली नवरात्र पर्व के लिए विभिन्न उत्सव समितियों में तैयारियां अंतिम दौर में है। नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में वन्य क्षेत्र सूतीयापाठ, उड़िया, बाजार चारभांठा, गोछिया, दानीघठोली, ठाठापुर, रणवीरपुर, गौरमाटी, बीरेन्द्रनगर, मोहगांव, बिडोरा, सिल्हाटी, सिंघनपुरी जंगल जैसे सेंटर क्षेत्र सहित स. लोहारा विकासखण्ड के 96 ग्राम पंचायतों में नवरात्रि उत्सव समितियों की ओर से तैयारियां की जा रही है। सहसपुर लोहारा नगर के प्रमुख राज परिवार की कुल देवी भगवती मंदिर सहित सहसपुर के जंगल में ऊंची पहाड़ी पर विराजमान माता भगवती मंदिर व शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने के इच्छुक भक्त रसीद कटवाने के लिए पहुंच रहे हैं। ग्राम पंचायत गौरमाटी में 03 तालाब के मध्य स्थित चंडी माता मंदिर में भी तैयारी पूरी कर ली गई है यहां भी मनोकामना ज्योति कलश प्रतिवर्ष प्रज्वलित किए जाते हैं। कुल मिलाकर पूरे अंचल में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारियां पूरी कर ली गई और आज से शक्ति की भक्ति का यह पर्व प्रारंभ हो जाएगा।

# विभाग को मिली बाल विवाह रूकवाने में सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में बाल विवाह रोकने के लिए राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जोगी नवागांव, बोड़ला में एक नाबालिग लड़के की शादी को रूकवाई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनन्द तिवारी को सूचना मिली थी कि दूरस्थ वनांचल ग्राम जोगी नवागांव में एक नाबालिग लड़के की शादी कराई जा रही है। इस सूचना के आधार पर प्रशासनिक टीम तुरंत गांव के लिए रवाना की गई और परिवारजनों से बातचीत कर विवाह की प्रक्रिया को तत्काल रोक लगाई गई। अधिकारियों ने परिवार को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी परिणामों की जानकारी दी और उन्हें समझाया कि यह न केवल गैरकानूनी है बल्कि इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित होता है।

### ग्रामीणों को किया गया जागरूक

मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर ने उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि नाबालिग बच्चों की शादी कराने पर माता-पिता और आयोजकों पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें जेल और जुर्माने का प्रावधान है।

# जंगली फूलों की खुशबू से दमक रहा है वनांचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इन दिनों वनांचल की आबोहवा में एक विशेष प्रकार की और मनमोहक खुशबू छाई हुई है। जंगली क्षेत्र के रास्तों से प्रायः सुबह और शाम के वक्त गुजरने वाले राहगीरों को इन दिनों भीनी-भीनी सुगन्ध का अहसास होता है ऐसा लगता है जैसे पूरे माहौल में प्रकृति ने खुशबूदार इत्र का स्प्रे किया हो। इन दिनों अंचल में फैल रही यह खुशबू जंगलों में पाए जाने वाले एक झाडी नुमा वृक्ष के गुच्छेदार फूलों से निकल रही है जिसे स्थानीय बोली में चटपटी फूल कहा जाता है। स्थानीय वनवासी बताते हैं कि काफी घने और हरे पत्तों वाले चटपटी की झाड़ियों में अक्सर शेर और तेंदुआ विश्राम करते हैं। आखिर जंगल के राजा को सोने के लिए भीनी-भीनी खुशबू के साथ शीतलता का अहसास कराती चटपटी की छाया से अच्छी जगह और कहां हो सकती है। वैसे तो ऋतुराज के आगमन के साथ ही वनांचल के वातावरण में बासन्ती बयार बहने लगती है। इन्हीं दिनों विभिन्न पेड़ पौधों और लताओं में खिलने वाले फूलों की अलग-अलग सुगन्धों से अंचल की आबोहवा खुशनमा हो जाती है। महुआ, आम, चार और चटपटी के अलावा भी अन्य जंगली पेड़ पौधों और लताओं के फूलों की खुशबू से महकने लगता है पूरा वनांचल। पंडरिया से बदौरा के रास्ते कोदवा जाते समय या फिर कोदवा से कामठी मार्ग पर किलकिला नदी पार करते ही सड़क के आसपास चटपटी की झाड़ियों देखी जा सकती हैं।

### समन्वित कृषि प्रणाली विषय पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन




**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में आदिवासी कृषकों के आजीविका संवर्धन के लिए समन्वित कृषि प्रणाली स्थापना का एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह सामाग्री वितरण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईश्वरी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम शामिल हुए। यह परियोजना राष्ट्रीय पशुरोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू द्वारा वित्त पोषित है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि के साथ-साथ पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन, सब्जी उत्पादन, वर्मीखाद उत्पादन जैसे गतिविधियों को बढ़ावा देना है। कृषि के साथ अन्य कृषि संबंधित गतिविधी को अपनाने से कृषकों को वर्षभर निरंतर आय प्राप्त होती है तथा कृषि के पास उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग होता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू ने कृषकों को संबोधित करते हुए कृषकों को समन्वित कृषि प्रणाली अपनाने की सलाह दी। उन्होने छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाए जा रहे कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी दी।

## 14 ग्रामों के 174 हितग्राहियों की जांच व उपचार कर वितरित की गई दवाइयां

# तरेगांव जंगल में अस्थि रोग एवं सामान्य रोग निवारण पर लगा विशेषज्ञ शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम के सहयोग से ग्राम तरेगांव जंगल में अस्थि रोग एवं जनरल रोग निवारण हेतु एक दिवसीय निःशुल्क विशेषज्ञ शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, परीक्षण एवं आवश्यक दवाइयां प्रदान करना था, जिससे वे अपनी सेहत को लेकर अधिक जागरूक हो सकें और समय पर उचित चिकित्सा प्राप्त कर सकें। इस शिविर में कुल 14 ग्रामों से 174 हितग्राहियों ने भाग लिया और स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवाइयों का लाभ उठाया। शिविर में हड्डी रोग एवं सामान्य रोगों की जांच एवं उपचार किया




गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विभिन्न प्रकार की बीमारियों की पहचान कर उचित दवाईयां और परामर्श प्रदान किया। इस शिविर में आए लाभार्थियों को हड्डियों से संबंधित समस्याओं, जोड़ों के दर्द, कमजोरी, रक्त परीक्षण, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर परीक्षण आदि की सुविधा दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमित उपलब्धता को देखते हुए यह शिविर बहुत महत्वपूर्ण रहा, जिससे अनेक लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं प्राप्त हुईं। इस शिविर में जय जगन्नाथ अस्पताल से डॉ. दिलीप तिवारी एवं सुजीत तिवारी (डायरेक्टर, जय जगन्नाथ अस्पताल) ने अपनी चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कीं। इनके साथ डॉ. पुन्नीदास मानिकपुरी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ आयोजन को सफल बनाने में कई संगठनों एवं व्यक्तियों का विशेष योगदान रहा। शिखर युवा मंच से अयोध्या जायसवाल ने शिविर के समन्वय में भूमिका निभाई। एफआरए से संतोष साकत समन्वयक एवं घुरवाराम ने आयोजन के सफल संचालन में सहयोग दिया। एसबीआई संजीवनी टीम से शिव डहरे समन्वयक, मुकेश मानिकपुरी फार्मासिस्ट, विजय साहू एलटी एवं पुनाराम यादव पायलट ने शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न करने में अपना सहयोग दिया।

# टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक में कई अहम फैसले, 5 अप्रैल तक जमा करेंगे क्रमोन्नति आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्थानीय राजमहल चौक के पास स्थित राजीव गांधी पार्क में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम फैसले लिए गए, जिसमें प्रमुख रूप से जिले के शिक्षक एलबी संवर्ग आगामी पांच अप्रैल तक क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए आवेदन अपने डीडीओ, बीईओ, डीईओ, जिला व जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करेंगे। आवेदन के साथ नियुक्ति, पदोन्नति, संविलियन, हाई कोर्ट बिलासपुर में 2023 के रिट अपील क्रमांक 261 में



28 फरवरी 2024 का निर्णय सहित स्कूल शिक्षा विभाग व वित्त विभाग के संबंधित पत्र को संलग्न किया जाएगा। शिक्षकों की उच्च परीक्षा के लिए अनापत्ति, व्याख्याता व प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति सहित स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए संघीय रणनीति पर चर्चा किया गया। सत्र 2024-25 के सदस्यता अभियान की ब्लॉकवार समीक्षा किया गया। बैठक के प्रारम्भ एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने जिला व प्रांतीय स्तर के संघीय गतिविधियों की जानकारी प्रदान किया, तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित करने के बाद सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

### नवरात्रि विशेष



#### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम्।

## बम्लेश्वरी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पांच सेक्टर में बांटे जवान, रेलवे स्टेशन के बाहर बना होल्डिंग एरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज से शुरू होने जा रही नवरात्र पर्व को लेकर जहां मंदिर समितियों ने अपनी तैयारी कर रखी है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा को लेकर अपने इंतजाम किए हैं। नवरात्र को लेकर जिलेभर में लगभग ग्यारह सौ जवानों की तैनाती की गई है। बम्लेश्वरी मंदिर की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए जवानों को पांच सेक्टर में बांटा गया है। इनमें ऊपर मंदिर से लेकर मेला, पार्किंग, पदयात्री के लिए अलग-अलग सेक्टर को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही पाताल भैरवी एवं शीतला मंदिर में भी बल की तैनाती की जाएगी।

वहीं ट्रेन से आने वाले यात्रियों के लिए भी अलग से व्यवस्था की जा रही है। मेला व मंदिर परिसर में क्षमता से अधिक भीड़ की स्थिति में दर्शनार्थियों को रेलवे स्टेशन में ही होल्डिंग एरिया में रोककर रखा जाएगा। टिकट काउंटर के बाहर कक्ष के अलावा स्टेशन परिसर में अस्थायी पंडाल लगाकर भी उसे होल्डिंग एरिया के रूप में तैयार किया जाएगा। वहां तीन से पांच हजार दर्शनार्थियों को ठहराए रखने की व्यवस्था रहेगी। मंदिर परिसर में जगह बनने के बाद ही वहां से उन्हें भेजा जाएगा। इसके लिए पुलिस ने रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर कार्ययोजना भी बना ली है। ज्ञात हो कि नवरात्र को लेकर रेलवे ने मेला के दौरान अस्थायी रूप से ठहरने वाली ट्रेनों की सूची जारी कर दी है। कुल 10 एक्सप्रेस व सुपर फास्ट ट्रेनें इस दौरान धर्मनगरी में रूकेंगी। इसे ध्यान में रखते हुए स्टेशन व परिसर में अतिरिक्त सुविधाएं जुटाई जाएगी।



### 500 मीटर पहले नो-वीकल जोन

ऊपर मंदिर तक पहुंचने के लिए मुरमुंदा, राका, चिचोला, बोरतलाव व अछोली समेत अन्य कई मार्गों से भीड़ पहुंचती है। एक रास्ता रेलवे स्टेशन से सीधे मंदिर की तरफ है। सभी मार्गों पर 500 से 700 मीटर का क्षेत्र नो-वीकल जोन रहेगा। यानी उसके अंदर किसी भी तरह के चार पहिया वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। इसके लिए चिन्हित रास्तों पर स्टापर के साथ बांस-बल्ली की बेरिकेडिंग भी कराई जाएगी, ताकि मेले के कारण अव्यवस्था न बन पाए।

### इस तरह व्यवस्था

पुलिस महकमे ने डोंगरगढ़ को लेकर पांच सेक्टर बनाए हैं, इनमें पहले सेक्टर में ऊपर मंदिर एवं वहां जाने वाला मार्ग है। यहां सर्वाधिक साढ़े चार सौ जवानों की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा दूसरा सेक्टर नीचे मंदिर एवं मेला स्थल है। तीसरा सेक्टर ट्रेफिक एवं पार्किंग व्यवस्था संभालेगा। चौथा सेक्टर अंजोरा से लेकर बम्लेश्वरी मार्ग तक पैदल यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखेगा। पांचवा सेक्टर के तहत डोंगरगढ़ पहुंचने वाले सभी मार्ग पर पेट्रोलिंग पार्टियों को तैनात किया गया है।

### पाताल भैरवी मंदिर में रहेंगे जवान

बम्लेश्वरी मंदिर के अलावा पाताल भैरवी मंदिर में भी पुलिस विभाग ने जवानों की तैनाती की है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां भी दर्शन करने आते हैं। ऐसे में यहां भी दिन-रात पुलिस जवान तैनात रखे जाएंगे। ज्ञात हो कि पाताल भैरवी मंदिर में लगभग दो हजार मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। यहां भी मंदिर समिति द्वारा विशेष लाईटिंग से मंदिर को सजाया गया है। यहां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले अधिकांश श्रद्धालु दर्शन के लिए रूकते रहे हैं।

## आठ दिन की नवरात्र की आज से शुरूआत, हाथी पर सवार होकर आएंगी मां

### इस बार नवरात्र पर बन रहा तीन सर्वार्थ सिद्धि और 4 रवि योग का दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिंदू धर्म के विशेष पर्व में शामिल चैत्र नवरात्र की आज से शुरूआत होने जा रही है। इस बार नवरात्र का पर्व आठ दिनों का होने वाला है। जिसकी शुरूआत आज 30 मार्च से आगामी छह अप्रैल तक रहेगी। इस बार मां हाथी पर सवार होकर धरती पर आने वाली है। यही कारण है कि इस नवरात्र पर तीन सर्वार्थ सिद्धि और चार रवि योग का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 29 मार्च को शाम 4 बजकर 27 मिनट से होगी और तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार चैत्र नवरात्र रविवार 30 मार्च से ही शुरू होने जा रही है। पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार घट स्थापना के लिए विशेष मुहूर्त 30 मार्च को सुबह 6 बजकर 13 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। जिसकी अवधि 4 घंटे 8 मिनट की रहेगी।



### दो को पंचमी व 5 को अष्टमी

नवरात्र पर्व की शुरूआत आज 30 मार्च से होने जा रही है। जिसकी समाप्ति छह अप्रैल को नवमी के साथ होगी। आठ दिनों की नवरात्र पर पंचमी का पर्व आगामी दो अप्रैल को मनाया जाएगा। वहीं अष्टमी हवन एवं पूजन पांच अप्रैल को की जाएगी। इस नवरात्र में द्वितीय एवं तृतीय दिवस एक ही दिन यानि कल 31 मार्च को है। जिसके चलते ही नवरात्र का पर्व 9 दिनों के बजाय आठ दिनों का होगा।

### शहर में भक्ति का माहौल, दिनभर रही चहल-पहल

## शोभायात्रा में छलका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर आज धार्मिक शोभायात्रा से सराबोर नजर आया। शहर में अलग-अलग आयोजनों के तहत तीन जगहों से शोभायात्रा निकाली गई।

शहर में हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर से सनातन एकता यात्रा निकली। वहीं झूलेलाल जयंती की पूर्व संध्या पर लालबाग स्थित हेमू कालानी चौक से समाज की महिलाओं ने भव्य बाइक रैली निकाली और शहर के गायत्री मंदिर चौक से माहेश्वरी समाज द्वारा देवी भागवत कथा के आयोजन अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

### हिंदू नववर्ष पर शोभायात्रा



30 मार्च से चैत्र नवरात्र आरंभ होने के साथ हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरूआत होगी। इस नववर्ष को उत्साहपूर्वक सनातन एकता के साथ मनाने के लिए सनातन धर्म महासभा द्वारा सनातन एकता शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस बालाजी मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए।

### श्रीमद देवी भागवत पर शोभायात्रा



शहर के माहेश्वरी भवन स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने तथा चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रारंभ अवसर पर शहर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में 701 कलश लेकर महिलाएं शामिल हुई। महाकाल की तर्ज पर यह शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महाकाल की झांकी के साथ ही मां नव दुर्गा की प्रतिमा, झांझ, डमरू, मंजीरा, बैंड-बाजा से सुसज्जित शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाएं पीले एवं केसरिया साड़ी में नजर आई।

### चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में निकली बाइक रैली



सिंधी समाज द्वारा झूलेलाल जयंती के अवसर पर शहर के लालबाग स्थित हेमू कलानी चौक से भव्य बाइक रैली का आयोजन समाज की महिलाओं द्वारा किया गया। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में सिंधी समाज की महिलाएं शामिल हुई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। इस दौरान आयो लाल झूलेलाल के नारे लगाते हुए समाज के लोग चल रहे थे।

### अवंती प्रतिमा का अनावरण

**गंडई-पंडरिया।** ग्राम पंचायत मरदकठेरा में 28 मार्च को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति का अनावरण विधायक यशोदा वर्मा ने किया। अनावरण के पूर्व मरदकठेरा और आसपास के गांवों के सामाजिक जनों ने शोभायात्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। विधायक यशोदा वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने वीरांगना रानी के बलिदान और अदम्य साहस को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

### सुरही नदी सूखी गहराया जल संकट



**गंडई पंडरिया।** क्षेत्र में तापमान बढ़ने के साथ ही जल संकट गहराने लगा है। धान की दोहरी फसल में बाली आने साथ किसान खेतों में पानी भरने में जुट गए हैं, जिससे जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। भुरभुसी से लेकर छीराहीडीह और उसके आगे सुरही नदी पूरी तरह सूख गई है। नदी के सूखने से सब्जी की खेती करने वाले किसानों की चिंता बढ़ गई है।

वहीं ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। छीराहीडीह के पूर्व सरपंच रंजीत सिंह चंदेल ने प्रशासन को गंभीर स्थिति से अवगत कराया है और नदी में पानी छोड़ने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि सुरही नदी के सूखने से ग्रामीणों को दैनिक कार्यों के लिए पानी नहीं मिल रहा है। पशु-पक्षियों के लिए भी पानी नहीं है।

इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सुरही जलाशय या कर्रानाला जलाशय से पानी छोड़ना आवश्यक है।

### पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

## पार्टनर बनाने के नाम पर पौने दो करोड़ की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यूके के माइनिंग कंपनी इंटोफोगास्टा में हिस्सेदार बनाने के नाम पर धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगांव क्षेत्र में जनवरी 2024 से सितंबर 2024 तक स्थानीय आरोपी प्रवीण बाम्बेश्वर द्वारा इंटोफोगास्टा ऐप के माध्यम से लोगों से अधिक लाभ का झांसा देकर रकम जमा करवाई गई थी ।

प्रार्थी पोखराम साहू 28 वर्ष निवासी मटिया डोंगरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रवीण कुमार बाम्बेश्वर द्वारा प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न स्थलों पर तथा सेमीनार के माध्यम से एक इंटोफोगास्टा कंपनी के बारे में जानकारी दी। जिसके प्रभाव में आकर आवेदकों द्वारा उनके द्वारा बताए मोबाइल एप के माध्यम से संबंधित कंपनी द्वारा दिए गए बार कोड में विभिन्न व्यवहारों में प्रार्थी का 1,31,000 रुपए, पुष्पेन्द्र साहू बडगांव चारभाठा 49,000 रुपए, द्विवांशु गंडावी मटिया 18200 रुपए एवं अन्य द्वारा राशि जमा किया गया है। जिसमें शुरूआत में कमीशन व फायदे के नाम से थोड़ी बहुत राशि जमा अनुपात 9 प्रतिशत आता था। जबकि अनावेदक द्वारा अधिक लाभ का झांसा दिया गया था। जिसके झांसे में आकार सभी ने उक्त मोटी रकम जमा की थी, लेकिन सितंबर 2024 कंपनी में रिफंड भेजना बंद कर रिफंड के लिए 6000-6000 रुपए टैक्स जमा करने के नाम से वाट्सअप के माध्यम से मांग की, नहीं देने पर आईडी ब्लॉक करने की धमकी दी गई है। आरोपी द्वारा एक वाट्सअप ग्रुप इंडिया इंटोफोगास्टा के नाम से संचालित कर लगभग लोगों को कंपनी से संबंधित जानकारियां दिया जाता था। आरोपी प्रवीण बाम्बेश्वर द्वारा एक दिन पूर्व ही शिकायत होने की स्थिति बनते देख संदेहास्पद रूप से व्हाट्सअप ग्रुप से प्रार्थियों के मोबाइल नंबर को अकस्मात रिमुव कर दिया गया। वहीं इनके सहयोगी वनिता तथा सेरेना मिचेल द्वारा भी कंपनी से संबंधित जानकारी प्रसारित की जाती थी। जिससे प्रार्थी उनके झांसे में आ गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी प्रवीण बाम्बेश्वर का पता तलाश कर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिलने पर आरोपी सिम और मोबाइल को नष्ट करना बताया, जो प्रकरण में आरोपी द्वारा साक्ष्य नष्ट करने के कारण धारा 238 बीएनएस जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है व अन्य की तलाश जारी है।

## पेयजल संकट निवारण के लिए दिए दिशा-निर्देश

**राजनांदगांव।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट निवारण के लिए नगरीय निकायों में उचित व्यवस्था हेतु बैठक लेकर स्थानीय निकायों द्वारा किए गए व्यवस्था की जानकारी लेने तथा आवश्यक दिशा निर्देश देने निकायवार अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।



समस्त नगर पालिक निगमों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक आर एक्का को नियुक्त किया गया है। संचालक श्री एक्का आज अपरान्ह में राजनांदगांव आकर सर्किट हाउस में नगर निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली तथा पेयजल संकट निवारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा तथा जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

### शराब दुकान का विरोध, धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**गंडई पंडरिया।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के भिगेश यादव के आह्वान पर ग्राम पंचायत पैलीमेटा में प्रस्तावित नई शराब दुकान के विरोध में सांकेतिक धरना दिया गया। दोपहर लगभग 1 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में ग्रामीणों ने मौजूदगी कम रही।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पैलीमेटा में शराब दुकान खुलने से छात्र और युवा बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में अपराध बढ़ने की आशंका जताते हुए कहा कि पैलीमेटा में शराब दुकान न खोली जाए। अंत में नायब तहसीलदार इंद्राम चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान खोलने का विरोध किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि भाजपा जो पूर्व में शराब का विरोध कर रही थी, अब नई शराब दुकान खोल रही है।

### शांति समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

## शांति से पर्व मनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

हिन्दु नववर्ष और ईद पर्व को देखते हुए गंडई थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। जामा मस्जिद के अध्यक्ष जाबिद खान ने बताया कि ईद की नमाज सुबह 8.30 बजे ईदगाह और टिकरीपारा स्थित जामा मस्जिद में अदा की जाएगी। उन्होंने सभी से भाईचारे की भावना के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

बैठक के दौरान देर रात तक घूमने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने पर भी चर्चा हुई। थाना प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि पुलिस ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने नाबालिग बच्चों द्वारा तेज गति से वाहन चलाने पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से अपील किया कि वह अपने बच्चों को बिना हेलमेट बाइक चलाने या कार चलाने की अनुमति न दें। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने प्रेरित करें। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने नशा, जुआ, सट्टा और गांजा की बिक्री सहित अन्य अवैध गतिविधियों पर चिंता जताया। उन्होंने सभी पार्षदों से अवैध गतिविधियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया ताकि नगर अपराध मुक्त हो सके। पूर्व एल्डरमैन ओमप्रकाश अग्रवाल ने मुख्य चौक में वाहनों की बढ़ती आवाजाही से होने वाली परेशानियों का जिक्र करते हुए तिरंगा चौक पर पुलिस जवान तैनात करने की मांग की। बैठक में थाना प्रभारी भीमसेन यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, ब्लॉक अध्यक्ष भिगेश यादव, जाबिद खान, हबीब खान, सतीश सिंघानिया, रणजीत सिंह चंदेल, अय्यूब कुरैशी, ओम प्रकाश अग्रवाल, बांकेलाल वर्मा, साकेत दुबे, पार्षद दिलीप ओगरे, सुमन पाटले, अशोक पटेल, अमन सोनी, राकेश निषाद, नारायण चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित थे।





मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जोड़ों ने लिए सात फेरे

# डोंगरिया कला में 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह डोंगरिया कला में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर विधायक भावना बोहरा (विधानसभा क्षेत्र पंडरिया) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही जिले के कई गणमान्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। डोंगरिया कला स्थित स्वयंभू श्री जलेश्वर महादेव धाम में आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में कुण्डा, कुकदूर और पंडरिया क्षेत्र के 120 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विवाह संस्कार विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार नवविवाहित जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर कुकदुर परियोजना के 28 बैगा जोड़ों ने भाग लिया। इस अवसर पर बैगा वाद्य यंत्र के साथ विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ी संस्कार गीतों के साथ लोककला मंच दूज के चंदा द्वारा मनमोहक छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को गृहस्थी शुरू करने के लिये सरकार द्वारा 50,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 35,000 रुपए उनके बैंक खातों में आर्थिक सहायता के रूप में दिए गए, जबकि 7,000 रुपए श्रृंगार सामग्री और 8,000 रुपए विवाह आयोजन हेतु खर्च किए गए।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण पहलः भावना



विधायक भावना बोहरा ने नवविवाहितों को आशीर्वाद देते हुए कहा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमा और सम्मान के साथ संपन्न हो रहा है। यह योजना बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शुभ अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की और वर-वधू को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकुमार भट्ट सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती राजेश्वरी महेन्द्र धृतलहरे, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती नंदनी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया, श्रीमति मंजूला देवी कुर्रे अध्यक्ष नगर पालिका पंडरिया, श्रीमती सरिता सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत पांडातराई, छत्रकिशोर तिवारी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया, सुमित तिवारी उपाध्यक्ष नगर पालिका पंडरिया, मनोज ठाकुर उपाध्यक्ष नगर पंचायत पांडातराई, श्रीमती रानी मिथलेश चंद्रवंशी सदस्य जनपद पंचायत पंडरिया, प्रदीप पूरी गोस्वामी अध्यक्ष भाजपा मंडल पांडातराई, रविशंकर चंद्रवंशी जनपद, सदस्य माखन चंद्रवंशी सदस्य जनपद पंचायत, बैजनाथ चंद्रवंशी सरपंच ग्राम पंचायत डोंगरिया कला, मनीराम साहू जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा सुरेश दुबे जिला मंत्री भाजपा, बैजनाथ चंद्रवंशी एवं पंचगण ग्राम पंचायत डोंगरिया कला, शेषनारायण चंद्रवंशी सरपंच रैतापारा एवं सभी जनप्रतिनिधियों ने इस योजना की सराहना करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह योजना समाज के कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है।

# हिन्दू नववर्ष में कलार समाज श्रद्धालुओं को पिलाएगा शर्बत

- डड़सेना कलार समाज कबीरधाम की इस वर्ष यह अभिनव पहल।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर डड़सेना कलार समाज कबीरधाम ने सामाजिक समरसता और श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से विशेष पहल की है। समाज द्वारा कवर्धा के प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर के सामने एक विशाल शर्बत वितरण स्टॉल लगाया जाएगा, जहां भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए 900 लीटर मीठे शर्बत की व्यवस्था की गई है।

डड़सेना कलार समाज के जिला अध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दू नववर्ष की भव्यता को बढ़ाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को शीतलता प्रदान करना है। समाज के सभी सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है और स्टॉल पर व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात की गई है। उन्होने कहा कि हिन्दू नववर्ष भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे समाज के सभी वर्गों को मिलकर मनाना चाहिए। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए कलार समाज ने इस वर्ष यह अभिनव पहल की है।

उन्होंने बताया कि शर्बत वितरण का कार्यक्रम दोपहर दो बजे से शाम तक चलेगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित हो सकें। इस आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। समाज के लोगों में इस आयोजन को लेकर उत्साह है और वे इसे सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। डड़सेना कलार समाज कबीरधाम की इस पहल को नगरवासियों ने भी सराहा है। यह आयोजन समाज की एकजुटता और सेवा भावना का प्रतीक है, इस अभिनव पहल से समाज और अधिक मजबूत होगा ऐसी उम्मीद भी है।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रधान जिला एव सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधि सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने शनिवार को जिला जेल कबीरधाम का औचक निरीक्षण किया। माननीय कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की वांछानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के पत्र निर्देश पर जेल के बैरकों स्नानागार, जेल परिषर में स्वच्छता एवं बंदियों के भोजन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर अवलोकन हेतु औचक निरीक्षण किया गया। उन्होने जेल परिषर का निरीक्षण करते हुए बैरकों की क्षमता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं बैरकों में रखे जाने वाले बंदियों की संख्या, रसोई कक्ष की स्वच्छता, पीने के पानी तथा भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के लिए खेल एवं व्यायाम के साधन व प्रशिक्षण की जानकारी, जेल परिषर के बागवानी की स्वच्छता के संबंध में भ्रमण कर जानकारी ली गई। तत्संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सहायक जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ज्ञातव्य हो कि जिला जेल कबीरधाम में वर्तमान में 234 विचाराधीन बंदी, 7 सजायाफता बंदी तथा 5 सिविल बंदी कुल 246 बंदी निरूद्ध है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार तथा जेल अधीक्षक सह जेल प्रहरी भी अवलोकन के दौरान उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### पंडरिया शक्कर कारखाना में भुगतान नहीं होने से किसान परेशान

**कवर्धा कोलेगांव।** शासन प्रशासन किसानों की आय दोगुना करने पर जोर दे रही है, वहीं पर गन्ना किसानों की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पंडरिया शक्कर कारखाना के किसान अपने गन्ना फसल के पैसे के लिए दर दर भटक रहे है। किसानों की समस्या सुनने वाला कोई नही है। सरकार ने चुनावी वादे में गन्ना किसानों को 14 दिन में गन्ना भुगतान करने का वादा किया था, लेकिन वह भी पूरा नहीं हो सका है। किसानों की गन्ना फसल भुगतान की समस्याएं बनी हुई है। शुरू गन्ना पेराई सत्र से लेकर अब तक किसान पर्चियों की समस्या से जूझ रहा था, लेकिन अब गन्ना भुगतान की समस्या से जूझने लगा है। क्षेत्र के ग्रामीण किसान अपनी फसल के भुगतान को लेकर दर-दर इधर उधर भटकने मजबूर है। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार फसल बुवाई के लिए डीजल से लेकर खाद, दवाई हर चीज नगद मिलती है। मजदरों को मजदूरी तक नगद देनी पड़ती है। वहीं शादी-ब्याह व अन्य तीज त्यौहार होने के कारण किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।

### प्रतिबंध होने के बाद भी प्लास्टिक का उपयोग

**हरिभूमि कवर्धा।** शहर में प्लास्टिक कैरीबैग्स पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। जिसके चलते आए दिन पशुओं की मौत हो रही है। राज्य सरकार द्वारा प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के बाद भी लोगों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। शहर के बाजार में बड़ी मात्रा में पॉलिथीन खप रही है। दुकानदारों के पास प्रतिबंधित पॉलीथीन का स्टॉक भरा पड़ा है छोटे से छोटे सामान भी दुकानदार प्लास्टिक पॉलीथीन में पैंक करके थमा देते है। जिससे पर्यावरण के लिहाल से बेहद घातक माने जाने वाली 5 एमएम तक की पॉलीथीन के प्रयोग कर सरकारने पूर्ण रूप से रोक लगा रखी है। इसका इस्तेमाल करते पाए जाने पर जुर्माने से लेकर जेल तक हो सकती है, लेकिन सरकार की इस आदेश की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। पॉलीथीन के इस्तेमाल पर रोक के संबंध में समय समय पर चलाएं जा रहें अभियान खानापूर्ति होकर रह गए है।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थें। बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि किसानों एवं आमजन को लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने कृषि संगणना योजना के तहत द्वितीय व तृतीय चरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि संगणना योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। द्वितीय चरण के तहत चयनित 197 ग्रामों में से 167 ग्रामों का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 30 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। वहीं तृतीय चरण में चयनित 70 ग्रामों में से 50 ग्रामों का कार्य पूर्ण हो चुका है, 07 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है और 13 ग्रामों में कार्य लंबित है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 31 मार्च 2025 तक शेष कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम किसान योजना के शेष किसानों के पंजीयन और डाटा वेरिफिकेशन में तेजी लाने के निर्देश निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले में कुल 1,19,578 हितग्राही किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से 88,366 किसानों का पंजीयन पूरा हो चुका है। अब तक 30,826 किसानों का डाटा वेरिफिकेशन किया गया है, जबकि 57,540 किसानों का डाटा वेरिफिकेशन लंबित है। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी पटवारियों को निर्देशित किया कि वे शेष किसानों के डाटा वेरिफिकेशन कार्य को शीघ्र पूर्ण करें, ताकि किसानों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।

इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी राजस्व कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करें और जनता को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कोताही न बरतें। बैठक में अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, नरेंद्र पैकरा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पंडरिया संदीप ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला सुश्री रुचि शार्दुल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहसपुर लोहारा चेतन साहू, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख आरबी देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त, अधीक्षक भू-अभिलेख गजेंद्र साहू सहित सभी तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

## भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन ने किया हंसराज रघुवंशी का सम्मान



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भोरमदेव महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय शिव भजन गायक बाबा हंसराज रघुवंशी के सुमधुर आवाज ने समा ही बांध दिया, पूरे कबीरधाम जिला के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ में भोरमदेव महोत्सव इस बार भजन करने पहुंचे गायक बाबा हंसराज रघुवंशी कार्यक्रम ऐतिहासिक याद रहेगा जिसमें दूर दराज के लोग भी भोरमदेव महोत्सव में पहुंचे थे एवं कार्यक्रम के अंत मे राष्ट्रीय स्तर की भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन का डारेक्टर बलवीर विश्वकर्मा, राष्टीय सदस्य तुषार मरावी, राष्टीय सदस्य प्रभात विश्वकर्मा और हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक सयोजक व पटेल मुंगेलीराज महासभा के महासचिव राजेद्र पटेल सभी मिलकर हंसराज रघुवंशी को उनकी पेंटिंग भेंट किया।

# सोनू ठाकुर पुनः बने सिंह नवयुवक मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 के अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ठाकुर ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए योगेंद्र सिंह ठाकुर सोनू को पुनः सिंह नवयुवक मंडल के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। यह निर्णय समाज के कल्याण और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सोनू ठाकुर ने समाज के सभी वरिष्ठों का आशीर्वाद लिया और यह कहा कि वह इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने समाज की प्रगति और युवा वर्ग को जागरूक करने के लिए कई नए योजनाओं का विचार किया है।

नव नियुक्त अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा की मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि मुझे पुनः इस जिम्मेदारी को सौंपा गया है। समाज के प्रत्येक सदस्य की भलाई और विकास मेरी प्राथमिकता होगी। हम सभी को मिलकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। मैं युवाओं को इस दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करूंगा ताकि हम एक मजबूत और सशक्त समाज बना सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सिंह नवयुवक मंडल को और अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। मंडल के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। चंद्रिका सिंह ठाकुर ने कहा कि सोनू ठाकुर एक योग्य नेता हैं और मैं विश्वास करता हूँ कि वह सिंह नवयुवक मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उनके नेतृत्व में मंडल का हर सदस्य अपने कर्तव्यों का पालन करेगा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। समाज के इस नए कदम को सभी ने सराहा और भविष्य में एक सशक्त समाज की उम्मीद जताई।

## भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 मार्च से शुरू हो चुका है। वहीं 10 अप्रैल तक आवेदन भरे जाएगें। इस भर्ती में जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन कक्षा 8वीं व 10 वीं, महिला सैन्य पुलिस समेत रेगुलर कैडर के तहत धर्मगुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पद शामिल है। इस बार उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार दो पदों के लिए आवेदन कर सकते है।

